

जय उसी की होती है जो अपने को संकट में डालकर कार्य संपन्न करते हैं। जय कायरों की कभी नहीं होती।

- जवाहरलाल नेहरू


# अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली , शुक्रवार,27 मार्च 2026



बरेली के प्रमुख समाचार

- परदेसी बेचारा जान से गया, आप जांच-जांच खेलो- II
- लेके पूजा की थाली... तेरी आरती उतारूं भोली मां- III
- प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता की तैयारी तेज -IV


## सिटी ब्रीफ

### नौवें वार्षिकोत्सव में होगी संगीत की गूंज

**बरेली, अमृत विचार :** श्री हरि मंदिर मॉडल टाउन बरेली में शनिवार को अध्यात्म की गूंज परिवार की ओर से संस्था के नौवें वार्षिकोत्सव एवं नव विक्रम संवत्सर 2083 के अवसर पर एक भव्य संगीतमय आयोजन किया जाएगा। सायंकाल 4 बजे से 7 बजे तक शास्त्रीय संगीत, लोक गीत एवं भजनों के माध्यम से प्रभु श्री राम के जीवन की पावन गाथा का चित्रण होगा। शास्त्रीय गायिका डा. हितु मिश्रा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। सभी भक्तों को समय से पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### कर्मचारी कल्याण सेवा समिति का चुनाव कल

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के कर्मचारी कल्याण सेवा समिति का चुनाव अब 28 मार्च को होगा। 27 मार्च को रामनवमी के उपलक्ष्य में कॉलेज में अवकाश घोषित किया गया। कर्मचारी कल्याण सेवा समिति में चुनाव केवल उपाध्यक्ष पद पर होगा। अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पदों पर निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा हो चुकी है। मतदान दोपहर 11 से 2 बजे तक होगा, जिसके बाद विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।

## शहर में आज

- चैत्र नवरात्र पर महानवमी पर कन्या पूजन व मंदिरों में पूजा अर्चना सुबह 5 बजे से।
- बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में श्री राम जन्म महोत्सव पर भजन कीर्तन पूर्वाह्न 11 बजे से
- क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय की ओर से बरेली कालेज में रोजगार मेले का उद्घाटन सुबह 10 बजे।
- आनंद आश्रम मंदिर सत्संग भवन में राम नवमी पर संकीर्तन सुबह 10 :30 बजे
- श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल द्वारा रामनवमी उत्सव श्री राधा कृष्ण मंदिर में शाम 6 :30 बजे
- मानव सेवा क्लब द्वारा श्रीराम भजन संध्या रोटरी भवन में शाम 6 बजे।

# पीएनजी क्षेत्रों के लोग हर हाल में छोड़ दें सिलेंडर

## केंद्र सरकार के आदेश से जिले के 9.5 लाख परिवारों पर मंडराया खतरा, पीएनजी क्षेत्र में रहकर एलपीजी नहीं चला पाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अभी जिले में 10 लाख से अधिक हैं एलपीजी उपभोक्ता, इनमें 51 हजार के पास है पीएनजी
- सीयूजीएल ने शुरू की तैयारी मार्केटिंग और टेक्निकल टीमें अब घर-घर जाकर देंगी दस्तक

**अमृत विचार:** अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जिनके घर के बाहर से पीएनजी की पाइपलाइन गुजर रही है, लेकिन आप अभी भी रसोई गैस सिलेंडर एलपीजे के भरोसे हैं, तो सावधान हो जाएं। केंद्र सरकार के नए आदेशों के बाद जिले का पूर्ति विभाग और गैस कंपनियां पूरी तरह 'एक्शन मोड' में आ गई हैं। अब उन सभी इलाकों में एलपीजी कनेक्शन अनिवार्य रूप से बंद किए जाएंगे जहां पीएनजी की सुविधा उपलब्ध हो चुकी है।

जिले के आंकड़ों पर गौर करें तो स्थिति चौंकाने वाली है। यहां 10 लाख से ज्यादा एलपीजी उपभोक्ता हैं, जबकि पाइपलाइन बिछने के बावजूद अब तक मात्र 51 हजार परिवारों ने ही पीएनजी को अपनाया है। इसका मतलब है कि करीब साढ़े नौ लाख परिवार अभी भी सिलेंडर का इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकार के नए फरमान के मुताबिक, इन उपभोक्ताओं को अब हर हाल में पीएनजी कनेक्शन लेना होगा, अन्यथा उनका पुराना एलपीजी कनेक्शन स्थायी रूप से काट दिया जाएगा। इस आदेश के क्रियान्वयन को लेकर सीयूजीएल के अधिकारियों में खासा उत्साह है। उनका मानना है कि इस सख्ती से न केवल शहर में पीएनजी के कनेक्शनों की संख्या में भारी इजाफा होगा, बल्कि पूरे गैस वितरण ढांचे को एक व्यवस्थित और आधुनिक रूप दिया जा सकेगा। योजना के तहत, सीयूजीएल सबसे पहले उन उपभोक्ताओं की सूची तैयार करेगा जहां पीएनजी कवरेज एरिया में रहकर भी लोग एलपीजी सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं। इनको पूर्ति विभाग की ओर से औपचारिक नोटिस या मोबाइल के माध्यम से चेतावनी संदेश भेजे जाएंगे। नोटिस में एक निश्चित समय सीमा दी जाएगी, जिसके भीतर उन्हें अपने नजदीकी पीएनजी केंद्र पर जाकर नए कनेक्शन के लिए आवेदन करना होगा। यदि कोई उपभोक्ता समय सीमा के भीतर पीएनजी कनेक्शन नहीं लेता है और सिलेंडर का उपयोग जारी रखता है, तो उसके एलपीजी कनेक्शन को सिस्टम में स्थायी रूप से ब्लॉक करने की कठोर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### मिडल ईस्ट संकट से बढ़ी हर तरफ चिंता

भारत में रसोई गैस की उपलब्धता सीधे तौर पर पश्चिमी एशिया की स्थिरता पर टिकी है। वहां जारी तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस की कीमतों में उछाल आया है और आपूर्ति में भी बाधा उत्पन्न हो गई है। केंद्र सरकार का मानना है कि पीएनजी जैसे स्वदेशी और पाइपलाइन आधारित विकल्पों को बढ़ावा देकर ही हम इस वैश्विक संकट के असर से बच सकते हैं। यही वजह है कि अब पीएनजी को 'विकल्प' के बजाय 'अनिवार्यता' के तौर पर लागू किया जा रहा है, ताकि विदेशी आयात पर निर्भरता कम की जा सके।

### सुरक्षित और किफायती है 'पाइप वाली गैस'

सीयूजीएल के बरेली इंचार्ज जितेंद्र गौतम बताते हैं कि पीएनजी को सिलेंडर के मुकाबले न केवल सस्ता बल्कि सुरक्षित भी माना जाता है। इसमें रिसाव का खतरा न्यूनतम होता है और वजन कम होने जैसी शिकायतों की गुंजाइश भी नहीं रहती। सबसे बड़ी राहत यह है कि इसमें सिलेंडर बुकिंग या डिलीवरी के इंतजार का झंझट खत्म हो जाता है। दावा है पीएनजी के उपयोग से एक औसत परिवार के मासिक खर्च में 10 से 15 प्रतिशत तक की बचत हो सकती है। अब इस सरकारी सख्ती के बाद शहर में पीएनजी का नेटवर्क और भी मजबूत होगा।



हमारे इलाके में लाइन तो है, पर हमने अभी तक कनेक्शन नहीं लिया क्योंकि सिलेंडर चला रहे थे। अब अगर सरकार कनेक्शन काटने की बात कर रही है, तो हमें जल्द ही आवेदन करना होगा। नया पीएनजी कनेक्शन लेने का शुरुआती खर्च कितना होगा, इसको लेकर थोड़ी चिंता है। -सुमन वर्मा



अचानककनेक्शन कटने की खबर से चिंता हो रही है। सरकार को चाहिए इस बदलाव के लिए पर्याप्त समय दे और पीएनजी कनेक्शन की शुरुआती सिक्योरिटी फीस में कुछ राहत दे। मीडियम क्लास के लिए एक साथ नया कनेक्शन लेना और पुराना सिलेंडर सरेंडर करना मुश्किल हो सकता है। -बृजेश



पहले सिलेंडर खत्म होने पर डिलीवरी का इंतजार करना पड़ता था, अब पीएनजी से बहुत आराम है। घर में भारी सिलेंडर रखने की जगह भी बच गई है। सुरक्षा के लिहाज से भी यह बेहतर है क्योंकि इसमें रिसाव का खतरा कम है। जो लोग अभी भी सिलेंडर इस्तेमाल कर रहे हैं, उन्हें स्विच कर लेना चाहिए।

-मनोहर पटेल



एलपीजी सिलेंडर के साथ सबसे बड़ी समस्या इसकी बुकिंग और समय पर डिलीवरी की होती है। त्योहारों के समय गैस खत्म होने पर बहुत परेशानी होती है। सरकार पीएनजी अनिवार्य कर रही है तो अच्छा कदम है। यह स्पष्ट करना चाहिए कि सिलेंडर जमा करने पर पीएनजी कनेक्शन में कोई छूट मिलेगी।

-बेबी मौर्य

## पेट्रोल पंपों पर नहीं तेल की किल्लत स्थिति सामान्य

**बरेली, अमृत विचार :** ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के चलते पेट्रोल-डीजल की कमी की सुगबुगाहट है, लेकिन शहर के पेट्रोल पंपों पर किसी भी तरह की भीड़ या तेल की कमी देखने को नहीं मिल रही है। सभी पेट्रोल पंपों पर स्थिति सामान्य है। चौकी चौराहा स्थित पेट्रोल पंप पर गुरुवार को नजारा बिल्कुल आम दिनों जैसा था। लोग बिना लाइन या अफरा-तफरी के अपने वाहनों में तेल भरवाते नजर आए। पेट्रोल पंप के मालिक राकेश अग्रवाल ने बताया कि सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके पास पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक है। हालांकि अफवाहों की वजह से थोड़ी खपत जरूर बढ़ी है, लेकिन पैनिक होने जैसी कोई बात नहीं है। पंप पर पेट्रोल भरवाने आए ग्राहकों ने बताया कि उन्हें तेल लेने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ा और स्थिति बिल्कुल सामान्य है। वहींश्याम नाम के एक अन्य ग्राहक ने भी कहा कि उन्हें अपनी बाइक में पेट्रोल भरवाने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

# ढके जाएंगे नाले, लगेंगे चेतावनी बोर्ड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सेटेलाइट बस स्टैंड पर दर्दनाक हादसे से सबक लेते हुए नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने शहर की ड्रेनेज व्यवस्था को ''फुलप्रूफ'' बनाने का प्लान बनाया है। जिसके तहत शहर के उन सभी बड़े और गहरे नालों को कंक्रीट के मजबूत स्लैब से ढका जाएगा, जो अब तक खुले रहकर मौत को दावत दे रहे थे।

नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग को निर्देश दिए हैं कि प्राथमिकता के आधार पर बस स्टैंड और मुख्य बाजारों से गुजरने वाले नालों की पहचान कर उन्हें पूरी तरह कवर किया जाए। इस कवायद का मकसद पैदल चलने वाले लोगों और यात्रियों को सुरक्षित गलियारा प्रदान करना है। इसके साथ ही, नगर निगम उन संवेदनशील जगहों पर बड़े ''चेतावनी बोर्ड'' भी लगाएगा, जहां नाले गहरे हैं या जहां बैरिकेडिंग की स्थिति नाजुक है। इन बोर्डों पर स्पष्ट रूप से खतरे के संकेत दर्ज होंगे, ताकि रात धेरे में भी लोग सतर्क रह सकें। नगर आयुक्त ने साफ किया कि अब केवल नाले की सफाई ही नहीं, बल्कि उनकी ऊपरी सुरक्षा भी संबंधित जोन के अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि किसी भी वार्ड में नाला खुला पाया गया या चेतावनी बोर्ड गायब मिला तो संबंधित सफाई निरीक्षक और अवर अभियंता के खिलाफ सीधे विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



पीलीभीत बाईपास रोड पर खुला नाला।

# बैंकों व ऑडिटर्स के बीच हो बेहतर समन्वय

कार्यालय संवाददाता

- पीलीभीत बाईपास रोड स्थित आईसीएआई की बरेली शाखा में संगोष्ठी का आयोजन
- वक्ताओं ने पारदर्शी अर्थव्यवस्था में ऑडिटर्स की भूमिका को बताया सबसे अहम

**अमृत विचार:** पीलीभीत बाईपास रोड स्थित द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की बरेली शाखा ने बैंक ऑडिट सत्र की पूर्व संध्या पर तकनीकी संगोष्ठी आयोजित की। इसका मुख्य उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र के ऑडिट से संबंधित व्यावहारिक और नियामकीय पहलुओं पर सदस्यों की समझ को और अधिक गहरा करना था। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक नीरज टंडन ने बैंकिंग प्रणाली की पारदर्शिता बनाए रखने में ऑडिटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बदलते वित्तीय परिदृश्य में बैंकों और ऑडिटर्स के बीच बेहतर समन्वय, गुणवत्तापूर्ण ऑडिट की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि एक सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के लिए सटीक लेखा परीक्षा अनिवार्य है।

संगोष्ठी के प्रथम सत्र में वक्ता अनिरुद्ध तिवारी ने जोखिम आधारित ऑडिट दृष्टिकोण, गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) की पहचान और आय मान्यता से संबंधित प्रावधानों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने अपने अनुभव बताते हुए पेशेवर निर्णय और सतर्कता के महत्व को समझाया। द्वितीय सत्र में राजीव गुप्ता ने तकनीकी पहलुओं जैसे कृषि ऋण, दीर्घकालिक ऋण निगरानी रिपोर्ट (एलएफएआर) तैयार करने और आवश्यक दस्तावेजीकरण की बारीकियों को स्पष्ट किया। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के वर्तमान युग में ऑडिटर्स को आधुनिक तकनीक और बदलते नियमों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण अग्रवाल ने की। उन्होंने ऑडिट प्रक्रिया में नैतिकता और निष्पक्षता को सर्वोपरि बताया। शाखा अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सचिव गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनीश अरोड़ा, सीए अमित टंडन, सीए प्रदीप तिवारी, सीए रीतेश अग्रवाल, सीए राजन विद्यार्थी, सीए दीपक मंगल, सीए मो. नजर, सीए मनोज माहेश्वरी, सीए शुभम मिश्रा, सीए साहिल गुप्ता समेत बड़ी संख्या में सीए सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी वक्ताओं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रतिभागियों ने इस आयोजन को अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया और भविष्य में भी ऐसे संवादात्मक कार्यक्रमों की निरंतरता की अपेक्षा की, ताकि पेशेवर दक्षता को और अधिक निखारा जा सके।




संगोष्ठी में मौजूद सीए व अन्य। ● अमृत विचार

# इंटरसिटी के बाद आला हजरत में बदलाव की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आला एक्सप्रेस बरेली नहीं लखनऊ से संचालित करने की बनाई जा रही योजना
- इंटरसिटी एक्सप्रेस को बरेली की जगह अब कासगंज से दिल्ली के लिए चलाया जाएगा

**अमृत विचार:** जिले के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से लोगों को लंबे समय से कोई नई ट्रेन तो मिल नहीं सकी। वहीं अब बरेली से सीधे दिल्ली जाने वाली एक इंटरसिटी बरेली से छिन चुकी है। अब ये कासगंज- नई दिल्ली इंटरसिटी के नाम से जानी जाएगी। जबकि आला हजरत एक्सप्रेस भी संकट के बादल नजर आ रहे है। इसे लखनऊ से संचालित करने की योजना बनाई जा रही है।

बरेली से बनकर दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में आला हजरत एक्सप्रेस 14311 का संचालन बरेली बरेली जंक्शन से सुबह 6 बजे भुज के लिए प्रतिदिन किया जाता है। वही गाड़ी नंबर 14315 इंटरसिटी सुबह 4: 55 बजे दिल्ली जाती है। इसके अलावा शाम को पांच बजे गाड़ी नंबर 54077 बरेली दिल्ली पैसेंजर भी हर रोज बरेली से सीधे दिल्ली जाती है। जिससे यात्रियों को जनरल डिब्बे में भी आसानी से सीट मिल जाती है। मंगलवार को रेलवे बोर्ड ने इंटरसिटी को कासगंज तक विस्तार देते हुए समय सारिणी जारी कर दी है। वही बरेली से भुज (गुजरात) के बीच चलने वाली आला हजरत एक्सप्रेस जल्द ही लखनऊ से चलने की आशंका है। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने बोर्ड को इसका विस्तार पीलीभीत, मैलानी, लखीमपुर, सीतापुर के रास्ते लखनऊ जंक्शन तक करने का प्रस्ताव भेजा है। इसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### गोरखपुर-लालकुआं विशेष गाड़ी का संचालन 10 से

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए 05060/05059 गोरखपुर–लालकुआं– गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन गोरखपुर से 10 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार व लालकुआं से 11 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को करने का फैसला लिया है। मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि साप्ताहिक विशेष गाड़ी प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से 17 .05 बजे चलकर बस्ती से 18 .20 बजे, गोंडा से 20 .10 बजे, सीतापुर से 23 .00 बजे, लखीमपुर से 00 .05 बजे, गोला गोकर्णनाथ से 00 .37 बजे, मैलानी से 01 .35 बजे, पूरनपुर से 02 .27 बजे, पीलीभीत से 03 .30 बजे, भोजीपुरा से 05 .15 बजे तथा किच्छा से 06 .05 बजे छूटकर लालकुआं 08 .00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 05010 लालकुआं– गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 11 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को लालकुआं से 10 .00 बजे चलकर किच्छा 11 .42 बजे, भोजीपुरा से 13 .00 बजे, पीलीभीत से 14 .17 बजे, पूरनपुर से 15 .20 बजे, मैलानी से 16 .20 बजे, गोला गोकर्णनाथ से 17 .10 बजे, लखीमपुर से 17 .32 बजे, सीतापुर से 18 .45 बजे, गोंडा से 21.50 बजे, बस्ती से 23 .32 बजे, दूसरे दिन गोरखपुर 01 .15 बजे पहुंचेगी।

## गुरुवार को नहीं आई टीम, आज आने की संभावना

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल को पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर संचालित करने की तैयारी है। इसके तहत गुरुवार को लखनऊ से आने वाली विशेषज्ञों की टीम बरेली नहीं पहुंची। टीम के अब शुक्रवार को आने की संभावना जताई जा रही हैं। टीम निरीक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट शासन को भेजेगी, जिसके आधार पर अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में पीपीपी मोड पर संचालित करने का निर्णय लिया जाएगा। जिला अस्पताल पर लगातार बढ़ते मरीजों के दबाव को देखते हुए तीन सौ बेड अस्पताल को पीपीपी मोड पर संचालित करने का प्रस्ताव भेजा गया था।

# मीरगंज थाने में बनेगा प्रशासनिक भवन

कार्यालय संवाददाता,बरेली

- 7.81 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी, 3.90 करोड़ रुपये जारी
- डेढ़ साल में प्रशासनिक भवन तैयार कर पुलिस विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश

**अमृत विचार:** सीबीगंज थाने में पुलिस कर्मियों के लिए आवास बनने की स्वीकृति के बाद अब मीरगंज थाने का नया प्रशासनिक भवन बनेगा। भव्य प्रशासनिक भवन के लिए शासन ने स्वीकृति दे दी है। भवन निर्माण के लिए 7.81 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है जिसमें 3.90 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी है। डेढ़ साल में भवन निर्माण कार्य पूरा करने के कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए गए हैं।

मीरगंज थाने के प्रशासनिक भवन निर्माण की स्वीकृति के संबंध में गृह (पुलिस) अनुभाग के विशेष सचिव अन्नावि दिनेश कुमार की ओर से पत्र जारी किया गया है। इसमें बताया है कि प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य के लिए 781.44 लाख रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए हैं कि किसी भी दशा में कार्यों की लागत में कोई पुनरीक्षण नहीं होगा। पुलिस मुख्यालय कार्य प्रारंभ करने से पूर्व सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद कार्य शुरू करने के आदेश जारी करे। अनापत्तियों एवं पर्यावरण क्लीयरेंस सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य शुरू किया जाए। प्रशासनिक भवन का मानचित्र आवश्यकता के अनुरूप विभाग स्थानीय विकास प्राधिकरण या सक्षम लोकल अथॉरिटी से स्वीकृत करा लें। कार्ययोजना में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं होगा। कार्यों के आकार क्षेत्रफल में वृद्धि बिना शासन के पूर्व अनुमोदन से स्वीकृत नहीं होगा। निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर उसका कब्जा पुलिस विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि उप्र पुलिस मुख्यालय के स्तर से कार्यदायी संस्था को जो धनराशि अवमुक्त की जायेगी, वह कार्य की आवश्यकता के अनुसार होनी चाहिए। कार्यदायी संस्था को पूर्व में दी गयी धनराशि के 75 प्रतिशत का उपयोग करने के बाद अगले छह माह के लिए आवश्यक धनराशि दी जा सकेगी।

**हट स्पॉट चिह्नित :** नगर निगम ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ मिलकर प्लान तैयार किया

# हीट वेव से बरेलियंस को बचाने की तैयारी पूरी

राकेश शर्मा, बरेली

**अमृत विचार:** इस बार पिछले साल की अपेक्षा ज्यादा गर्मी पड़ेगी। मौसम वैज्ञानिक लगातार चेता रहे हैं। हीट वेव से बरेलियंस को बचाने के लिए नगर निगम ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ मिलकर प्लान तैयार किया है। शहरी क्षेत्र में हीट वेव को लेकर संभावित हॉट स्पॉट चिह्नित किए गए हैं। कई विभागों ने संयुक्त रूप से दवाओं की जरूरत से लेकर हीट वेव आने पर उससे बचाव संबंधी सभी इंतजाम पहले से कर लिए हैं।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा निर्देश पर नगर आयुक्त संजीव मौर्य और उनकी टीम की ओर से 64 पेज की कार्ययोजना तैयार की गयी है। प्लान में लू को दिन के अधिकतम तापमान, रात के न्यूनतम तापमान, अवधि और जनसंख्या पर पड़ने वाले प्रभाव के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। यह वर्गीकरण बरेली के लिए आईएमडी के दिशा निर्देशों और स्थानीय जलवायु विज्ञान के अनुरूप किया है। प्लान में माना गया है कि शहर के पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी हिस्से सबसे पहले गर्म हवाओं के संपर्क में आते हैं, जिससे जोन-2 और जोन-3 विशेष रूप से संवेदनशील हो जाते हैं। बेनीपुर चौधरी, स्वाले नगर, नंदौसी, बड़ा बाजार, कुतुबखाना, जगतपुर वार्ड, बाकरगंज, सैलानी, सिठौरा, श्यामगंज, गंगापुर, संजय नगर, नंदौसी, मढ़ीनाथ, कोहाड़ापीर क्षेत्र में लू का प्रभाव आमतौर पर अधिक रहता है।

इसके साथ उच्च जोखिम कुतुबखाना, पुराना रोडवेज बस अड्डा, श्यामगंज, कचहरी क्षेत्र, सिकलापुर, बासमंडी और बिहारीपुर ढाल में भीड़भाड़ में काफी बढ़ जाता है। योजना में जिला स्तरीय व्हाट्सएप ग्रुप शामिल किया, जिसमें सभी संबंधित लोग शामिल होंगे। 24 घंटे आपातकालीन प्रतिक्रिया और राहत टीम सक्रिय रहेगी। वहीं, बिजली विभाग को निर्देश है कि भीषण गर्मी के दौरान बिजली की निर्बाध आपूर्ति करें। विशेषकर अस्पतालों, जल आपूर्ति प्रणालियों और अन्य आवश्यक सेवाओं में। ट्रांसफार्मर, फीडर और वितरण लाइनों के रखरखाव को मजबूत किया जाएगा।

### अस्थायी ताप-राहत कियोस्क की स्थापना

छाया, पीने का पानी, ओआरएस और बुनियादी दवाइयां आदि उपलब्ध कराने के लिए अस्थायी ताप–राहत कियोस्कों की स्थापना की जानी है। इसके लिए सेटेलाइट बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, रेलवे जंक्शन, सिटी रेलवे स्टेशन, इज्जतनगर रेलवे स्टेशन, इज्जतनगर रोड नैनीताल रोड, पीलीभीत रोड, डीडी पुरम, सिविल लाइंस, बड़ा बाजार, रामपुर रोड, बदायूं रोड, सुभाष नगर रोड, चौकी चौराहा, पटेल चौक, राजेंद्र नगर चयनित किए हैं।

### पुलिस कर्मियों को मिलेंगी ठंडी जैकेट

हीट वेव के दौरान यातायात पुलिस कर्मियों के लिए छाया सुनिश्चित की जाएगी। क्योंकि वे लू की चपेट में अधिक आते हैं, इसलिए यातायात पुलिस कर्मियों के लिए ठंडी जैकेटों का वितरण करने की योजना बनायी गयी है।

### यहां भी निगरानी रहेगी

शहर के श्रमिक चौक (बीसलपुर चौराहा, श्यामगंज, डेलापीर, सिलेक्शन प्वाइंट, नकटिया और नरियावल) पर बाहरी श्रमिकों के लिए अस्थायी शीतलन आश्रय और पेयजल कियोस्क स्थापित किए जाएंगे।

### बरेली शहर में संभावित लू के चिन्हित हॉट स्पॉट

बेनीपुर चौधरी, स्वाले नगर, नंदौसी, जगतपुर, बाकरगंज, श्यामगंज, सैलानी, सिठौरा, गंगापुर, संजय नगर, नंदौसी, मढ़ीनाथ, सरनिया, वीर भट्टी, नगर मार्केट, कोहाड़ापीर, इज्जतनगर रोड, प्रेम नगर, सुरेश शर्मा, किला फाटक, चौपला चौराहा, डोहरा रोड, स्टेशन क्षेत्र, बीसलपुर रोड, सुभाषनगर, कांकरटोला, आलमगिरी गंज, चौकी चौराहा आदि क्षेत्र में हॉट स्पॉट बनाए हैं।

## गला दबाकर की गई थी वृद्धा की हत्या

**बरेली,अमृत विचार:** ब्रह्मपुरा में दो पक्षों में विवाद में वृद्धा की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुरा टायर मंडी निवासी नदीम खां ने बताया कि बुधवार की रात घर पर उनकी मां मारुफ और परिवार के अन्य लोग थे। पड़ोसी मो. नदीम दुकान की वजह से रंजिश मानता है। आरोप है कि रात मो. नदीम, उसका बेटा समीर, अरसल, मो. अजीम, तसलीम और कलीम दरवाजा तोड़कर घर में घुसने का प्रयास करने लगे। आरोपियों ने घर में ईंट पत्थर फेंककर उनकी मां के साथ मारपीट की जिसमें उनकी मौत हो गई। प्रेमनगर थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि महिला के पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई है। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# पार्षदों की रिपोर्ट पर साफ किए जाएंगे गंदगी से पटे नाले

कार्यालय संवादाता, बरेली

- मानसून से पहले शहर के सभी 80 वार्डों के नालों की मांगी लिस्ट

**अमृत विचार:** शहर को जलभराव और नारकीय स्थिति से बचाने के लिए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है।

उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. नैन सिंह ने शहर के सभी 80 वार्डों के पार्षदों को पत्र जारी कर उनके क्षेत्रों में गंदगी और सिल्ट से पटे नालों की विस्तृत सूची मांगी है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन 'हॉटस्पॉट्स'की पहचान करना है, जहां मामूली बारिश में ही नाले ओवरफ्लो होकर सड़कों पर कचरा फैला देते हैं और जलजमाव की गंभीर स्थिति पैदा हो जाती है। पार्षदों के फीडबैक के आधार पर नगर निगम की स्वास्थ्य और निर्माण शाखा एक संयुक्त रोडमैप तैयार करेगी।

पीलीभीत रोड, कुतुबखाना, कोहाड़ापीर, सुभाषनगर,सिविल लाइंस समेत कई इलाकों में नालों की सफाई एक बड़ी चुनौती रही है। अधिकारियों का मानना है कि स्थानीय पार्षदों को अपने वार्ड की ड्रेनेज व्यवस्था की जमीनी जानकारी होती है, इसलिए उनकी सूची के आधार पर मशीनों और सफाई गैंग को तैनात करना अधिक प्रभावी होगा। मानसून शुरू होने से पहले ही नालों से निकलने वाली सिल्ट (कीचड़) का सुरक्षित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि बारिश के पानी के साथ गंदगी दोबारा नालों में न समा जाए। अप्रैल के पहले सप्ताह में सभी पार्षदों से सूची मिलने के बाद निगम टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा।

# परदेसी बेचारा जान से गया, आप जांच-जांच खेलो

## अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बनाई कमेटी, दो दिन में देगी रिपोर्ट, तब तय होगा हादसे का जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी बरेली में एक परदेसी को सिर्फ इसलिए अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, क्योंकि बरेली के सैटेलाइट बस अड्डे पर हजारों यात्रियों की आवाजाही के बाद भी नाला खुला छोड़ दिया गया था। हरदोई का ट्रक ड्राइवर तौहीद लड़खड़ाकर नाले में समा गया। सिस्टम को आइना दिखाती इस अनहोनी के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है, इसके लिए अफसरों की जांच कमेटी बनी है। दावा है कि अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय की अध्यक्षता में दो सदस्यीय कमेटी दो दिन में अपनी रिपोर्ट देगी, जिसके बाद तय होगा कि हादसे के लिए दोषी कौन है?

नगर आयुक्त संजीव कुमार मोर्य ने विस्तृत जांच रिपोर्ट के लिए कमेटी में एक्सईएन राजीव राठी को भी कमेटी में शामिल किया है। शहर का सबसे व्यस्ततम इलाका होने के बावजूद सेटेलाइट बस स्टैंड पर नाला खुला क्यों था? वहां लगा बैरियर इतने कमजोर क्यों थे कि एक युवक का वजन भी नहीं सह सके? सवालों के जवाब भी जांच में सामने आने की उम्मीद है। कहा गया है कि जांच कमेटी न केवल तकनीकी खामियों की जांच करेगी, बल्कि उन अधिकारियों और कर्मचारियों भूमिका की भी समीक्षा करेगी, जिसके पास इस क्षेत्र के नालों के रखरखाव की जिम्मेदारी है। नगर आयुक्त का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।

**दिन-रात का रेस्क्यू, कहीं तोड़ी कहीं काटी सड़क :** मंगलवार रात 9:30 बजे से शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन गुरुवार तड़के 3:15 बजे जाकर खत्म हुआ। एसडीआरएफ और नगर निगम की टीमों के लिए सबसे बड़ी चुनौती पीलीभीत रोड के नीचे बना नाले का संकरा हिस्सा था। नाले में जमा सिल्ट और कचरे के कारण तौहीद का शव अंदर ही फंस गया था। बुधवार की पूरी रात अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी समेत अन्य मशीनों ने सड़क के हिस्से को खोदकर नाले के स्लैब हटाए, तब शव बाहर निकाला जा सका। 30 घंटे की इस जद्दोजहद ने रेस्क्यू टीमों के पसीने छुड़ा दिए।



हरदोई का रहने वाला ट्रक ड्राइवर तौहीद इसी जगह खुले नाले में समा गया था, 30 घंटे बाद शव निकाला जा सका। ● अमृत विचार

### कब क्या हुआ

- मंगलवार रात 9 :30 बजे : तौहीद बस पकड़ने के लिए स्टैंड पहुंचा और अचानक नाले में समा गया।
- मंगलवार रात 10 :30 बजे : नगर निगम, पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे।
- देर रात 12 :00 बजे : पहली जेसीबी मशीन मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ।
- बुधवार सुबह 6 :00 बजे : पूरी रात सर्च ऑपरेशन चला लेकिन कचरे के कारण सफलता नहीं मिली।
- बुधवार दोपहर 12 :00 बजे : एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू में शामिल हुईं।
- बुधवार शाम 6 :00 बजे : कोई सुराग नहीं मिला, अंधेरे व नाले की गहराई से रेस्क्यू ऑपरेशन अटका
- बुधवार, रात 11 :00 बजे : पायलिंग मशीन और क्रेन से बस स्टैंड के पास स्लैब तोड़ पानी निकाला ।
- गुरुवार तड़के करीब 3 :20 बजे : करीब 30 घंटे बाद तौहीद का शव नाले के गहरे मलबे से बरामद ।

### यात्री की मौत ने लगाया स्मार्ट सिटी पर दाग

बरेली, अमृत विचार : नाले में समाकर एक यात्री की मौत ने स्मार्ट सिटी बरेली पर ऐसा दाग लगाया है, जो मिटाए नहीं मिटेगा। सिस्टम को भले अपनी गलती का एहसास न हो, मगर शहर के वासी तौहीद की मौत पर शर्मिंदगी का एहसास जरूर कर रहे हैं। शहर में सीवर-बिजली की लाइन बिछाने के नाम पर कई-कई सप्ताह के लिए जानलेवा गड्ढे खोदकर छोड़े जा रहे हैं। सड़कों के बीच सीवर के मैनहॉल टापू की तरह खड़े नजर आते हैं। और खुले नाले जैसे हर वक्त अनहोनी का इंतजार करते दिखते हैं। हादसे होते रहते हैं लेकिन हसीन सपने दिखाने वाले अपने दावे-वादों की डोर बढ़ाने में रहते हैं। उत्तराखंड में काम करके अपने घर जा रहे हरदोई के ट्रक ड्राइवर की जान शायद न जाती, अगर अति व्यस्त सैटेलाइट बस अड्डे पर नाला बिन स्लैब के न छोड़ा गया होता! मौत हुई तो सवाल भी उठेंगे। जांच की आंच किसे झुलसाएगी, ये बाद पता लगेगा मगर ओर-छोर विस्तार ले रहे स्मार्ट सिटी बरेली में एक परदेसी की मौत सिस्टम को बरसों बरस आइना दिखाएगी।

### सैटेलाइट पर एक साल से हादसे का इंतजार कर रहा था नाला

सैटेलाइट पर नाले की सफाई मई 2025 में हुई थी, तब सफाई के दौरान स्लैब टूट गया था। इसके बाद इसे दोबारा ढकना जरूरी नहीं समझा गया। रोडवेज अफसरों ने निगम को कई पत्र लिखे, लेकिन सम्बंधित विभागों ने ध्यान नहीं दिया। बस स्टैंड पर रोजाना 50 हजार से अधिक यात्री आते हैं और 500 बसें संचालित होती हैं। खुला नाला हमेशा खतरा बना रहता था मगर किसी ने सुध नहीं ली।


सैटेलाइट बस अड्डे के खतरनाक हालात बयां करती तस्वीर ● अमृत विचार


तौहीद की मौत का पता होने पर हरदोई से पहुंचे परिजन। ● अमृत विचार

### कीचड़ में दबकर थम गई ट्रक ड्राइवर की सांसें

बरेली, अमृत विचार : सेटेलाइट बस स्टेशन के पास नाले में गिरे युवक की मौत डूबने और शरीर के हर हिस्से में सिल्ट भरने से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। रिपोर्ट से साफ हुआ कि युवक के शरीर में नाले की सिल्ट भरने के साथ ही पानी में डूबे रहने से मौत हुई। तौहीद के परिवार में छह भाई और दो बहनों के अलावा माता पिता हैं। पैंट की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई। आधार कार्ड में तौहीद निवासी मोहल्ला कटरा, शाहाबाद देहात, हरदोई दर्ज मिला। पता होते ही नदीम कई लोगों के साथ पहुंच गया। बताया कि दो दिन पहले भाई तौहीद रुद्रपुर में गाड़ी खड़ी करके आया था। मंगलवार देर शाम भाई से बात हुई थी। रात में नाले में गिरने से मौत हो गई।

न्यूज ब्रीफ

### नौकरी के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि 26 मार्च 2026 को सुभाषनगर थाने में अभिनव सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि 29 दिसंबर 2025 को बड़े भाई दीपेन्द्र सिंह चौहान की नौकरी लगवाने के नाम पर जिला औरेया के थाना फफूद के गांव दखली निवासी दुर्गेश बाजपेयी ने ठगी की थी। सुभाषनगर पुलिस ने गुरुवार की सुबह को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दुर्गेश ने बताया कि उसने अपनी मिलने वाली महिला के माध्यम से अभिनव चौहान, उनकी पत्नी, भाई और रिश्तेदारों की नौकरी लगवाने के नाम पर पैसे लिए थे। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

### तस्कर दबोचा, 528 ग्राम अफीम बरामद

बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि बुधवार की रात पुलिस बीसलपुर चौराहे पर गश्त कर रही थी। सूचना मिली कि एक युवक मादक पदार्थ की तस्करी करने की फिराक में है। पुलिस नाग देवता मंदिर के पास पहुंची, वहां एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगाा। पुलिस ने उसे दौड़कर पकड़ लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से 528 ग्राम अफीम बरामद हुई जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये है।आरोपी ने अपना नाम सुरेन्द्र निवासी कांधरपुर थाना विशारतगंज बताया। वह कक्षा 10 तक पढ़ा है और खेतीबाड़ी करता है । कल्लू का खेत भी उसके खेत के पास है। कल्लू के कहने पर उसने अफीम तस्करी का काम शुरू कर दिया। पुलिस ने इस मुकदमे में कल्लू को भी नामजद किया है। सुरेन्द्र को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## हादसे का कारण बना सुरक्षा बैरियर

**बरेली, अमृत विचार :** तौहीद बस स्टैंड पर लगे उस लोहे के बैरियर पर बैठा था जो सुरक्षा के लिए लगाया गया था। लेकिन, वह बैरियर सुरक्षा देने के बजाय ''मौत का जाल'' साबित हुआ। जैसे ही तौहीद ने उस पर टेक लगाई, बैरियर का ढांचा हिल गया और वह सीधे गहरे काले नाले में समा गया। लोगों ने शोर मचाया, सैटेलाइट चौकी पर सूचना दी लेकिन नाले की गहराई और अंधेरा होने के कारण अफसरों सभी प्रयास नाकाम साबित हुए।

## नगरायुक्त ने लगातार संभाली रेस्क्यू की कमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हादसे के दूसरे दिन भी नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य समेत नगर निगम के तमाम विभागों के अधिकारी और मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों की मौजूदगी में रात भर जेनरेटर की रोशनी में काम चलता रहा।

मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि अगर नालों की नियमित सफाई होती और उन पर मजबूत स्लैब डाले गए होते, तो शायद आज एक गरीब परिवार का पालनहार जान न गंवाता। नाले की सफाई और शव निकालने के लिए 80 मजदूर, पांच जेसीबी, तीन वाटर सक्शन पंप, एक क्रेन, चार ट्रैक्टर-ट्राली और एक स्लैब काटने वाली पायलिंग मशीन लगाई गई।

सुरक्षा और व्यवस्था के लिए एक सीओ, दो इंस्पेक्टर, 10 सब-इंस्पेक्टर, 20 सिपाही और 15 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों सहित एक इंटरसेप्टर वाहन 30 घंटे तक डटे रहे, तब शव निकाला जा सका।

## नालों के चैंबर प्वाइंट में दफन हुआ नौजवान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हादसे का केंद्र बना यह स्थान शहर के ड्रेनेज सिस्टम का सबसे संवेदनशील हिस्सा है। घटनास्थल पर तीन अलग-अलग इलाकों से आने वाले बड़े नालों का ''चैंबर प्वाइंट'' है, जहां से पानी का एक विशाल प्रवाह कैंट क्षेत्र से होते हुए नकटिया नदी की ओर मुड़ता है। यह पूरा नाला अंडरग्राउंड (भूमिगत) है, जिसके कारण इसके भीतर पानी का बहाव और दबाव सामान्य से कहीं अधिक रहता है। लेकिन, विडंबना यह रही कि नगर निगम के कर्मचारियों ने सफाई के नाम पर यहां से भारी-भरकम स्लैब तो हटा दिए, लेकिन काम पूरा होने के बाद उसे दोबारा ढंकने की जहमत नहीं उठाई। निगम की यही कार्यशैली एक तौहीद के लिए काल बन गई।

यही नहीं, जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां नाले की गहराई करीब 9 फीट और चौड़ाई 4 फीट है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते जिम्मेदार अधिकारियों ने खुले पड़े इस मौत के जाल की सुध ली होती तो आज एक परिवार का चिराग न बुझता।


सैटेलाइट पर हादसे के बाद भी लोग बैरियर लांघकर गुजरते रहे। ● अमृत विचार

### शासन को भेजी गई हादसे की रिपोर्ट

नगर निगम प्रशासन ने सैटेलाइट हादसे की घटनाक्रम की शासन को भेज दी है, जिसमें नाले की स्थिति और रेस्क्यू ऑपरेशन का ब्यौरा दिया गया है। अफसरों ने संवेदना व्यक्त करने के लिए परिजनों को बुलाने की कोशिश की, लेकिन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे आक्रोशित परिजन मिलने नगर निगम नहीं पहुंचे। परिवार ने कहा कि नगर निगम की घोर लापरवाही से तौहीद की मौत हुई। फिलहाल, शासन को भेजी गई रिपोर्ट के बाद अब उच्च स्तर से भी होने वाली कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हैं।

## पंकज हत्याकांड में प्रेमिका व बेटे को उम्रकैद

**बरेली, अमृत विचार :** पुत्र के साथ मिलकर प्रेमी की हत्या करने की आरोपी किला छावनी निवासी मंजू व उसके पुत्र अर्जुन को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पाण्डेय ने आजीवन कारावास व 7 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील राजेश्वरी गंगवार ने बताया कि रामलीला गौटिया हार्टमन निवासी वादी हरप्रसाद ने किला थाने में पुत्र पंकज मौर्य (25) हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि विधवा मंजू से पंकज के प्रेम सम्बंध थे। पैसे हड़पकर मंजू व बेटे ने 4 अक्टूबर 2021 को पंकज की हत्या कर लाश किला नदी में फेंक दी थी।

## पत्नी की क्रूरता पर आर्मी अफसर का तलाक मंजूर

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल की ओर वर्ष 2022 में फैमिली कोर्ट में दी गई पत्नी से तलाक की अर्जी को अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तृतीय ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने मंजूर कर लिया। दोनों के मध्य 22 वर्ष पूर्व हुए विवाह को विच्छेदित कर दिया।

अफसर ने कोर्ट में अर्जी देकर बताया था कि वह भारतीय सेना में 24 साल से कार्यरत हैं, संयुक्त राष्ट्र मिशन पर भी जा चुके हैं। 3 अक्टूबर 2003 को बरेली के एक होटल में उनकी शादी हुई थी। आरोप लगाया कि पत्नी को एमएड करवाया। पत्नी ने कई विद्यालयों में शिक्षण कार्य किया। वर्ष 2004 में एक पुत्र का जन्म हुआ लेकिन पत्नी का शुरू से ही उनके साथ प्रेम व लगाव नहीं था। उसे केवल वेतन व धन में रूचि रहती थी। मांग पूरी न करने पर फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी देती थी। कई बार लाखों रुपये जरूरतों के नाम पर ले ले लिए। माता-पिता के साथ भी अभद्रता करती थी, जिस वजह से मां की सदमे में मौत हो गयी।

बीमार पिता को साथ रखने पर कहती थी कि पहले अपनी मां के जेवरात दिलवाओ, तभी उन्हें घर में रहने दूंगी। सास भी 4 करोड़ रुपये का हर्जाना देने की बात कहकर उसे धमकाती थी। शारीरिक संबंध बनाने के एवज में 2 लाख रुपये की डिमांड करती थी। कोर्ट ने मामले में सुनवाई कर पत्नी की क्रूरता को तलाक अर्जी मंजूर करने का मुख्य आधार माना।

## क्लास में रोने पर तीन साल की छात्रा को टीचर ने पीटा

- इज्जतनगर क्षेत्र का मामला
- एसएसपी से की गई शिकायत

**बरेली, अमृत विचार:** इज्जतनगर क्षेत्र के एक निजी स्कूल में एनसी की छात्रा की पिटाई का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि क्लास में रोने पर बच्ची को टीचर ने पीट दिया। उसके शरीर पर कई जगह चोटों के निशान हैं। छात्रा के परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर एसएसपी कार्यालय में शिकायत की गई है।

किला थाना क्षेत्र के चौधरी मोहल्ला मिर्जा चौक निवासी मतीन बेग ने बताया कि उनकी 3 साल की बेटी इज्जतनगर क्षेत्र के एक निजी स्कूल में कक्षा एनसी की छात्रा है। 25 मार्च को स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह अपनी पत्नी दानिया के साथ बेटी को लेने गए। तब बेटी ने बताया कि मैडम ने उसे मारा है जिससे उसके शरीर पर कई जगह चोटों के निशान थे और दर्द हो रहा था। उन्होंने स्कूल के प्रिंसिपल से बात की तो उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चेक किए जिसमें अध्यापिका रोने पर उनकी बेटी की पिटाई कर रही थी। वह इज्जतनगर थाने में शिकायत करने गए तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की बल्कि स्कूल से समझौते का दबाव बनाने लगे। अब पीड़ित ने गुरुवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत की है।

## पार्ट्स की दुकानों पर छापे, 15 मॉडीफाइड साइलेंसर जब्त

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में प्रतिबंधित मॉडीफाइड साइलेंसर दुकानों पर खूब बिक रहे हैं। लोग मोटी रकम खर्च कर पटाखों जैसी आवाज निकालने के लिए बुलेट में लगवा रहे हैं। पुलिस ने ऑटो पार्ट्स की दस दुकानों पर छापामार कार्रवाई में 15 मॉडीफाइड साइलेंसर बरामद किए। वहीं, चेकिंग में 74 वाहनों में मॉडीफाइड साइलेंसर पकड़े हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर जिले में 23 से लेकर 25 मार्च तक वाहन चेकिंग एवं मॉडीफाइड साइलेंसर लगे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस द्वारा कुल 413 स्थानों पर 10,619 दोपहिया वाहनों को चेक किया गया।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सविसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

न्यूज ब्रीफ

### नौ वर्ष की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी का समापन

**बरेली, अमृत विचार** : प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर हार्ट मैन रामलीला मैदान में सूचना विभाग की तरफ से लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का गुरुवार को समापन हो गया। इस प्रदर्शनी में सरकार की तरफ से कराए गए नौ वर्षों की उपलब्धियां को दर्शाया था। प्रदर्शनी में काफी संख्या में आकर आमजन मानस ने सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली।

### आनंद आश्रम में राम जन्मोत्सव आज

**बरेली, अमृत विचार** : रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में शुक्रवार को रामनवमी के पावन पर्व पर भगवान श्री राम जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को सुबह साढ़े 10 बजे से संकीर्तन प्रारंभ होगा। इसके बाद 12 बजे आरती होगी और प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह आयोजन सत्संग हाल में 8 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। आनंद आश्रम प्रबंध समिति मंत्री अनिल अग्रवाल ने सभी भक्तों को संकीर्तन में सपरिवार पहुंचने के लिए आमंत्रित किया है।

### तापमान बढ़ा रहा लोगों की परेशानी

**बरेली, अमृत विचार** : छले कुछ दिनों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि सुबह और शाम के समय हल्की ठंडक बनी हुई है। इस उतार-चढ़ाव भरे मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। खासतौर पर बच्चे और बुजुर्ग ज्यादा प्रभावित हैं। सर्दी-जुकाम, बुखार और गले के संक्रमण के मरीज जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में आ रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार इस मौसम में वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। आंचलिक मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी की संभावना है। साथ ही धूप और तेज व चटक रहने के आसार हैं, जिससे दिन के समय गर्मी का प्रभाव और बढ़ेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि पर्याप्त पानी पीना, हल्के और सूती कपड़े पहनना तथा सुबह-शाम के समय हल्की ठंड से बचाव जरूरी है। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।



कालीबाड़ी के मां काली मंदिर में मातारानी को लगाया भोग।



चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर नेकपुर स्थित ललिता देवी मंदिर में आरती करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## हरे राम नव दुर्गा मंदिर में महागौरी का पूजन



भजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार** : श्री हरे राम नव दुर्गा मंदिर में देवी महागौरी का पूजन किया गया। मंदिर में छंद और भेटों का गायन किया। सुहागनों को श्रृंगार वितरित किया गया। सायंकाल में आयुष शर्मा के नेतृत्व मेंश्री राम चरित मानस का संगीतमय नवाह्न पाठ किया। शुक्रवार को महानवमी यज्ञ और श्री राम जन्मोत्सव होगा। रात्रि 9 बजे नवान्ह रामायण का समापन होगा। अंकित माहेश्वरी, कौशल शर्मा, तनिष्क चौहान, गुड्डू सिंह, अवनीश शर्मा, विद्या शर्मा, भावना सिंह, ज्योति सक्सेना, निर्मोद सक्सेना, सत्यवती सिंह, विपिन सक्सेना, अक्षित सक्सेना, अनिल गुप्ता, कपिल सक्सेना, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# लेके पूजा की थाली... तेरी आरती उतारूं भोली मां

## नवरात्र की अष्टमी पर पूजा -अर्चना के लिए देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, गूंजते रहे जयकारे, आज मनाई जाएगी रामनवमी

- प्रमुख देवी मंदिरों में दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की
- घरों में कन्या भोज का किया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह तड़के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गईं, जो दोपहर तक मंदिर परिसर से बाहर सड़कों तक पहुंच गईं। इसके साथ तमाम घरों में भी कन्या जिमाई गईं।

अष्टमी तिथि को विशेष धार्मिक महत्व होने के चलते श्रद्धालु बड़ी संख्या में माता रानी के दर्शन के लिए पहुंचे। कई भक्त परिवार सहित मंदिर पहुंचे। जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। मंदिरों में जय माता दी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। वहीं, घर-घर कन्या पूजन भी किया गया। अष्टमी के अवसर पर शहर के विभिन्न इलाकों में श्रद्धालुओं ने अपने घरों में कन्या पूजन (कन्या भोज) का आयोजन किया। छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनके चरण पूजे गए और उन्हें भोजन कराकर उपहार भेंट किए गए। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन कन्या पूजन करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और घर में सुख-शांति बनी रहती है। भीड़ को देखते हुए मंदिरों के बाहर व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से इंतजाम किए गए। श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से दर्शन कराने के लिए बैरिकेडिंग और लाइन प्रबंधन किया गया, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। अष्टमी के इस पावन अवसर पर शहर में हर ओर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।



चौरासी घंटा मंदिर में दर्शन के लिए कतार में लगे श्रद्धालु। ● अमृत विचार



घर में भोजन करतीं कन्याएं। ● अमृत विचार

### भजन-कीर्तन से गूंजे मंदिर

शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में दिनभर मंदिरों में महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भक्ति गीतों और दुर्गा स्तुति से पूरा माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। कई स्थानों पर सामूहिक कीर्तन भी किए गए।

## अब नई शर्तों के साथ शहर में लगेंगे विज्ञापन के होर्डिंग्स

**बरेली, अमृत विचार**: नगर निगम में विज्ञापन से होने वाली आय को बढ़ाने और शहर के सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए नई टेंडर प्रक्रिया की तैयारी तेज कर दी गई है। नगर आयुक्त के निर्देश पर 15 सदस्यीय विशेष कमेटी का गठन किया गया है।

वर्तमान में पुराने टेंडर की अवधि समाप्त होने की कगार पर है, जिसे देखते हुए नई शर्तों और नियमों के अनुसार तैयार करने में जुटा है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि इस कवायद के पीछे नगर निगम का मुख्य उद्देश्य राजस्व में वृद्धि और प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। इस बात पर भी जोर दिया जा रहा है कि शहर के प्रमुख चौराहों और डिवाइडरों पर विज्ञापन इस तरह लगाए जाएं कि वे यातायात में बाधा न बनें। नई निविदा प्रक्रिया में ई-टेंडरिंग को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे भ्रष्टाचार की गुंजाइश खत्म हो और नगर निगम के खजाने में अधिक से अधिक आय सुनिश्चित हो सके।

## रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में राम नवमी पर कार्यक्रमों का आयोजन



कॉलेज में भजन-कीर्तन करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- छात्र-छात्राओं ने नाट्य रूपांतरण नृत्य और भजन से जीवंत किए राम के आदर्श

**अमृत विचार** : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के अंतर्गत रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज स्थित शिव मंदिर में गुरुवार को राम नवमी के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मेडिकल, डेंटल और नर्सिंग विभाग के छात्र-छात्राओं ने श्रीराम के जीवन, आदर्शों और मर्यादा को नाट्य रूपांतरण, भजन और नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। छात्रों ने सत्य, धर्म और कर्तव्यनिष्ठा जैसे मूल्यों को दर्शाते हुए राम के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। अंत में सामूहिक आरती कर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया, डॉ. ज्योति पठानिया, डॉ. शालिनी चंद्रा, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. मिथिला बिष्ट, डॉ. दीपक उपाध्याय, डॉ. शरद सेठ, डॉ. सीमा सेठ, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तस्लीम खान सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## पीएम स्वनिधि योजना में आवेदकों का बढ़ा इंतजार

**बरेली, अमृत विचार** : पीएम स्वनिधि योजना के तहत मिलने वाली ऋण की राशि में बढ़ोतरी तो कर दी गई लेकिन आवेदकों का इंतजार भी बढ़ गया है। चार माह पहले आवेदन करने वालों को अब तक ऋण नहीं मिला।

पोर्टल पर विकल्प न होने से अफसरों को भी पता नहीं चल पा रहा है कि कितने लोगों ने आवेदन किया है। नवादा शेखान के शशिकांत ने बताया कि उन्होंने 15 हजार रुपये के लिए आवेदन कर रखा है। धनराशि कब तक खाते में आएगी, कोई जानकारी नहीं है। मोहम्मद सलीम ने बताया कि उन्होंने भी 15 हजार रुपये ऋण के लिए पोर्टल पर आवेदन किया है। अभी तक उनको इसका लाभ नहीं मिल सका। प्रभारी पीओ डूडा रामजनम यादव ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना की धनराशि में बढ़ोतरी की गई है। सभी आवेदकों को लाभ मिलेगा। हालांकि, पोर्टल पर ऋण मिलने की तिथि का उल्लेख नहीं है। उम्मीद है कि जल्द इसका भुगतान हो जाएगा।

## श्रीराम जन्मोत्सव में उमड़ी आस्था

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: मॉडल टाउन स्थित मंदिर दरगाह श्री बाबा पीर रतन नाथ जी महाराज में 60 वां श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। भक्ति से भरे वातावरण में कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज में सेवा, सद्भाव और एकता का संदेश भी देकर गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- मंदिर दरगाह श्री बाबा पीर रतन नाथ जी महाराज में 60 वां श्रीराम जन्मोत्सव मनाया

श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में गुरुवार सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन हुआ। पूरे परिसर में जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालु भावविभोर हो राम नाम का जाप करते रहे। दोपहर 12 बजे आरती का आयोजन किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सामाजिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन किया गया। आईएमए के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।

महोत्सव के दौरान रात्रिकालीन सत्र में ''''मौज फकीरा दी'''' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत दिल्ली से आए कलाकार मनीष चौहान एवं दीपेश सुखेजा ने मधुर भजनों से समां बांध दिया।श्रद्धालु पूरे समय झूमते रहे। अध्यक्ष जुगल किशोर मक्कड़, राजेश मल्होत्रा, शिव कुमार चावला, राजकमल भसीन, रोहित भसीन, राहुल भसीन एवं जय गोपाल चावला आदि समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, विधायक संजीव अग्रवाल, मेयर डॉ उमेश गौतम, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना एवं पूर्व उपसभापति अतुल कपूर आदि गणमान्य शामिल हुए।

## बाबा नीम करौली की मूर्ति स्थापना, निकाली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : सुभाष नगर स्थित बाबा श्री तपेश्वर नाथ मंदिर में बाबा नीम करौली की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शोभा यात्रा मेन बाजार, खालसा स्कूल, चुंगी होते हुए बदायूं रोड स्थित माता 84 घंटा मंदिर तक पहुंची। जगह-जगह ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भजन-कीर्तन के साथ बाबा के जयकारे गूंजते रहे। यात्रा के श्री तपेश्वर नाथ मंदिर पहुंचने पर विधि-विधान के साथ बाबा नीम करौली की मूर्ति स्थापना की गई। कार्यक्रम में अशोक तायल, अनिल तायल, शुभम अग्रवाल, विक्रांत तायल, सुनील तायल, आलोक तायल, अखिलेश सिंह, अमित भारद्वाज, डॉ. अजय शर्मा, राज कुमार तिवारी, राजा राम, पुष्पा गंगवार, ऋतु बाजपेई, कृष्ण सक्सेना, सुमन दीक्षित, सीमा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना का कार्यक्रम पंडित विष्णु शर्मा ने सम्पन्न कराया। आयोजन बाबा लखन दास, बाबा नर सिंह दास और विशन शर्मा के संरक्षण में सम्पन्न हुआ।



बाबा श्री तपेश्वर नाथ मंदिर में बाबा नीम करौली की मूर्ति स्थापना के अवसर पर शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- श्री तपेश्वर नाथ मंदिर से 84 घंटा मंदिर तक गूंजे जयकारे
- विधि-विधान से सम्पन्न हुई स्थापना और सुंदरकांड पाठ



शोभायात्रा में बाबा नीम करौली की मूर्ति। ● अमृत विचार

## धार्मिक स्थलों पर कार्यों की प्रगति से कमिश्नर नाराज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भोजीपुरा के दाऊजी मंदिर और बहेड़ी के नानकपुरी गुरुद्वारे की स्थलीय जांच के आदेश दिए
- एसडीएम सदर और एसडीएम बहेड़ी को जांच कर आख्या भेजने के निर्देश जारी

**अमृत विचार**: पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण कराने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। हाल ही में पर्यटन विकास विभाग की ओर से धार्मिक स्थलों पर कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने समीक्षा की थी। इस दौरान भोजीपुरा के दाऊजी प्राचीन शिव मंदिर और बहेड़ी के नानकपुरी गुरुद्वारे में कराए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं मिलने पर कमिश्नर ने नाराजगी जताई। कमिश्नर ने पर्यटन विभाग की दोनों निर्माण परियोजनाओं की स्थलीय जांच कराने के लिए आदेश जारी किए हैं।

कमिश्नर ने एसडीएम सदर और एसडीएम बहेड़ी को निर्देश दिए हैं कि परियोजनाओं के लिए स्वीकृत डीपीआर, आगणन के सापेक्ष इन निर्माण कार्यों की स्थलीय जांच कर आख्या कार्यालय को उपलब्ध कराएं। कमिश्नर की ओर से एसडीएम सदर और एसडीएम बहेड़ी को भेजी चिट्ठी में बताया है कि उन्होंने 12 मार्च को आयोजित सेक्टरवार समीक्षा बैठक में पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा की थी। निर्माण कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं मिली। इस पर कमिश्नर ने पर्यटन विभाग की भोजीपुरा ब्लॉक क्षेत्र के सेमाखेड़ा स्थित दाऊजी प्राचीन शिव मंदिर का विकास और तहसील बहेड़ी में स्थित नानकपुरी गुरुद्वारे के नवीनीकरण के लिए कराए जा रहे निर्माण कार्य की स्थलीय जांच कराने का निर्णय लिया।



## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर की टक्कर से प्रधान घायल

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** देर शाम एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ग्राम प्रधान की बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर समेत मौके से फरार हो गया। ग्राम मटैनिया निवासी ग्राम प्रधान बाल किशन कश्यप बुधवार शाम फरीदपुर से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक टिसुआ खीरा मंडी के पास पहुंची तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे प्रधान घायल हो गए। उनके पैर में चोट आई है।

### युवक ने संबंध बनाए साथ रखने से इनकार

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बा निवासी विवाहिता महिला ने युवक पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी करीब चार वर्ष पूर्व हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के लगभग तीन वर्ष बाद उसकी मुलाकात कस्बे के ही बाईपास क्षेत्र निवासी एक युवक से हुई। आरोप है कि युवक उसे बहला-फुसलाकर दिल्ली ले गया, जहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए गए, जिससे वह गर्भवती हो गई। पीड़िता का कहना है कि बाद में आरोपी ने उसे दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। आरोप है कि युवक उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा, लेकिन अब उसे अपने साथ रखने से इनकार कर रहा है।

### चोरी के ई रिक्शे के साथ पकड़ा अपराधी

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार।** सैटलाइट बस स्टैंड से चोरी कर लाए गए ई रिक्शा को पुलिस ने एक अभियुक्त के साथ बरामद कर लिया है पुलिस ने आरोपी अभियुक्त को जेल भेज दिया । थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बीती 11 मार्च को सैटलाइट बस स्टैंड से एक ई रिक्शा चोरी कर क्षेत्र में लाया गया था जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी ।इसी दौरान बीती रात मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर चौकी इंचार्ज लक्ष्मी नारायण सिंह ने मय फोर्स नगर से जैतीपुर जाने वाले मार्ग से एक चोरी किया गया ई रिक्शा बरामद किया जिसको क्षेत्र के ग्राम डगरोली निवासी इंद्रपाल उर्फ इंद्र प्रकाश पुत्र रामवीर बीसलपुर बेचने के लिए ले जा रहा था । पुलिस ने ई-रिक्शा समेत इंद्रपाल को कब्जे में ले लिया

# प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता की तैयारी तेज

## बेहतर सुविधाओं के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम परिसर में स्थित तरणतालों की सफाई और मरम्मत जारी

- 1 अप्रैल को उद्घाटन, 3 से 6 अप्रैल तक प्रतियोगिताएं होंगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित तरणताल में प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन से पहले दोनों तरणतालों की साफ-सफाई के साथ मरम्मत कार्य भी चल रहा है, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। साफ-सफाई के दौरान भारी मात्रा में गाद निकाली गई।

तैयारियों के तहत दोनों तरणताल की सफाई की जा रही है। सफाई के दौरान तरणताल के अंदर जमा गंदगी को पानी से धुलाई कर निकाला जा रहा है। कार्यक्रम के अनुसार 3 और 4 अप्रैल को बालक वर्ग तथा 5 और 6 अप्रैल को बालिका वर्ग की तैराकी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से तैराक बरेली आएंगे। स्टेडियम प्रशासन प्रतियोगिता को सफल बनान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करने में लगा हुआ है। खिलाड़ियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैराकी कोच सुमित चौरसिया ने बताया कि 1 अप्रैल को तरणताल का उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेहतर तैयारियों के साथ यह प्रतियोगिता शहर के लिए एक सफल और यादगार आयोजन साबित होगी। इससे प्रतियोगियों को बहुत लाभ होगा।



तरणताल से निकाली गई गंदगी। ● अमृत विचार



तरणताल की उखड़ी टाइल्स। ● अमृत विचार

### तरणताल की दीवारों की टाइल्स उखड़ीं

**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए तरणताल में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, तरणताल की दीवारों की टाइल्स कई जगह से उखड़ी हुई। साथ ही फर्श की टाइल्स को भी मरम्मत की आवश्यकता है। कोच ने बताया कि टाइल्स की मरम्मतजल्द पूरी कर ली जाएगी। सफाई के दौरान जहां-जहां टाइल्स उखड़ी मिली वहां सुधार कार्य शुरू कर दिया गया है। जल गुणवत्ता, सुरक्षा और अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त किया जा रहा है।

# कांग्रेसियों ने खुले नाले ढकने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की भी मांग की

**अमृत विचारः** नाले में डूबकर युवक की मौत के मामले में कांग्रेस नेताओं ने नगर निगम को नर्क निगम करार देते हुए शहर के खुले नालों को ढकने की मांग की है। उनका कहना है कि गहरे नाले अब मौत के जाल बन चुके हैं। लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि एक युवक मंगलवार रात खुले नाले में गिर गया। 30 घंटे बाद उसका शव मिला। नाले को सही तरीके से ढका होता या वहां चेतावनी संकेत होते तो यह घटना नहीं होती। प्रदेश प्रवक्ता डॉ. केबी त्रिपाठी ने कहा स्थानीय लोगों का कहना है कि नालों के पास से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं जिसमें छोटे बच्चे, बुजुर्ग, स्कूल के बच्चे हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। हर साल नगर निगम करोड़ों रुपए मरम्मत के नाम पर खर्च करता है, ऊपर से स्मार्ट सिटी के नाम पर ऐसा दिखाया जाता है कि कहीं कोई समस्या नहीं हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। जिला उपाध्यक्ष जिया उर रहमान ने कहा कि बरसात से पहले नालों की अधूरी सफाई होती हैं, डिपो के ढक्कन टूटे या गायब होते हैं, सडकों में गड्ढे होते हैं।

यह स्थिति साफ दर्शाती है कि प्रशासनिक लापरवाही लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। जब कोई बड़ी घटना होती है, तब नगर निगम जागता है। अब समय जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई का समय है। शहर के सभी खुले नालों को तुरंत ढका जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाएं न हों।

# जिले में दो चरणों में चलेगा 'स्कूल चलो' अभियान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सरकार ने अफसरों को प्रचार प्रसार के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र के साथ ही बच्चों के नामांकन बढ़ाने और ड्रॉपआउट कम करने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान को दो चरणों में संचालित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस अभियान के तहत प्रशासन और शिक्षा विभाग मिलकर व्यापक स्तर पर जागरुकता कार्यक्रम चलाएंगे।

राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने बताया कि स्कूल चलो अभियान का प्रथम चरण शैक्षिक सत्र की शुरुआत में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक चलेगा। इसका द्वितीय चरण 1 जुलाई से 15 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। दोनों चरणों में विद्यालयों में अधिकाधिक बच्चों के नामांकन पर विशेष जोर दिया जाएगा। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सरकार की ओर से प्रत्येक जनपद को 5 लाख रुपये, प्रत्येक ब्लॉक को 10 हजार रुपये तथा प्रत्येक विद्यालय को 2,500 रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इस धनराशि का उपयोग रैली, जागरुकता अभियान, अभिभावक संपर्क और अन्य शैक्षिक गतिविधियों के आयोजन में किया जाएगा। अभियान के दौरान शिक्षकों द्वारा घर-घर संपर्क कर अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रभात फेरी, नामांकन रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जनजागरुकता अभियान चलाए जाएंगे, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। शिक्षा विभाग का फोकस उन बच्चों पर भी रहेगा, जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई बीच में छोड़ दी है। ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें दोबारा विद्यालय से जोड़ा जाएगा। इधर, बीएसए डॉ. विनीता का कहना है कि स्कूल चलो अभियान के माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ेगी।

# अविष्कार अभियान में 92 स्कूलों को मिलेंगी किट्स

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जनपद के 92 विद्यालयों के लिए विज्ञान किट्स उपलब्ध कराई गई हैं।

इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक और गतिविधि आधारित शिक्षा से जोड़ने के लिए किया जा रहा है। आलमपुर को 6, बरेली नगर क्षेत्र को 2, भदपुरा को 8, भोजीपुरा को 2, भुता को 12, फरीदपुर को 11, फतेहगंज को 2, मझगवां को 2, मीरगंज को 6, नवाबगंज को 15, रामनगर को 2, रिछा (दमखोदा) को 6, शेरगढ़ को 3, बिथरी चैनपुर और क्यारा को 6-6 किट्स आवंटित की गई हैं। बीएसए डॉ. विनीता ने निर्देशित किया कि विकास खण्डों के चयनित विद्यालयों के लिए आवंटित विज्ञान किट्स को 25 मार्च को कम्पोजिट विद्यालय बालजती नगर क्षेत्र से प्राप्त करें।

# पीड़ित परिवार को दी 2 लाख की सहायता

**बरेली, अमृत विचार :** पंजाबी महासभा ने पीड़ित परिवार की मदद कर मानवीय संवेदनाओं को जीवंत किया है। परिवार के मुखिया के असमय निधन के बाद उपजे संकट में महासभा ने 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की और परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। महिला को भी आत्मनिर्भर किया जाएगा।

श्री बांके बिहारी मंदिर परिसर में गुरुवार को हुए कार्यक्रम में महिला और उनकी दो बच्चियों को यह सहायता राशि सौंपी गई। महासभा ने केवल आर्थिक मदद तक ही सीमित न रहते हुए दोनों बच्चियों की संपूर्ण शिक्षा का खर्च उठाने का संकल्प लिया है। इसके साथ ही पीड़ित महिला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास भी शुरू कर दिए गए हैं। संस्था द्वारा पिछले 12 वर्षों से विधवा पेंशन योजना संचालित की जा रही है। इसके अलावा अब तक करीब 92 जरूरतमंद कन्याओं के विवाह में सहयोग किया जा चुका है। हाल ही में एक अन्य संकटग्रस्त परिवार को भी 5 लाख की सहायता प्रदान की गई थी। इस कार्य में संजय आनंद, देवराज चंडोक, गुलशन आनंद, अमित अरोड़ा, यतिन भाटिया, मनजीत सिंह बिट्टू, प्रिंस सोढ़ी, जगदीप अरोड़ा, राम अरोड़ा, मंटू सूरी, नेहा साहनी, सिम्मी आनंद, संजीव सोही, संजीव गुलाटी, नीतू सेठी, आरती पूरी, हनी आनंद, मन्नू बक्शी, चरणजीत भल्ला, जूही आनंद, तिलक राज दुसेजा, रोमी सेठी, ज्ञानी काला सिंह सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष संजय आनंद ने किया।




पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देती पंजाबी महासभा। ● अमृत विचार

- पंजाबी महासभा ने बांके बिहारी मंदिर में परिवार को सौंपा चेक
- बच्चियों की शिक्षा और महिला को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प

# खाड़ी देशों को नहीं जा पा रहा गेहूं चावल और सब्जियां

**बरेली, अमृत विचार :** इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध का असर कृषि निर्यात पर भी साफ दिखने लगा है। जिले से खाड़ी देशों को गेहूं, चावल और ताजी सब्जियों का निर्यात कम हो गया है। जिससे निर्यातकों और किसानों दोनों की चिंता बढ़ गई है।

मंडी में आढ़ती श्याम अग्रवाल बताते हैं कि इस युद्ध के कारण समुद्री व्यापार मार्गों में बाधा और माल ढुलाई (फ्रेट) व बीमा लागत में भारी बढ़ोतरी हुई है। निर्यातकों को जहाज उपलब्ध कराने में दिक्कतें आ रही हैं और कई ऑर्डर रुके पड़े हैं। बासमती चावल का बड़ा बाजार ईरान और खाड़ी देश हैं। मौजूदा हालात में निर्यात लगभग ठप होने की स्थिति में है। हजारों टन चावल बंदरगाहों पर फंसा हुआ है और नई डील्स पर भी रोक सी लग गई है। फल-सब्जी निर्यात पर भी इसका असर साफ देखने को मिल रहा है। खाड़ी देशों को भेजी जाने वाली सब्जियां और फल या तो सस्ते में घरेलू बाजार में बेचे जा रहे हैं या खराब होने का खतरा है।

# टेढ़े दांतों में फंस जाती है गंदगी स्वास्थ्य पर पड़ता है असर

कार्यालय संवाददाता,बरेली

**अमृत विचारः** दांतों की सुंदरता के साथ-साथ उनकी सही स्थिति भी बहुत महत्वपूर्ण है। टेढ़े-मेढ़े दांत केवल चेहरे की खूबसूरती को ही प्रभावित नहीं करते, बल्कि यह हमारे संपूर्ण मौखिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर डालते हैं।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञ बताते हैं कि टेढ़े दांतों की सफाई ठीक से नहीं हो पाती है, जब दांत एक सीध में नहीं होते तो उनके बीच खाने के कण फंस जाते हैं। इससे गंदगी की परत जमने लगती है, जो आगे चलकर दांतों में सड़न (कैविटी) और मसूड़ों की बीमारी (पायरिया) का कारण बन सकती है।

टेढ़े दांतों से भोजन को सही से चबाना मुश्किल हो जाता है। पाचन प्रक्रिया भी प्रभावित होती है। जबड़े में दर्द या असंतुलन की समस्या भी हो सकती है। ऐसे दांत आत्मविश्वास पर भी असर डालते हैं। हंसते या बोलते समय झिझक महसूस होना व्यक्तित्व विकास को प्रभावित कर सकता है। बोलने में भी समस्या देखी जाती है, खासकर ''स'' और ''श'' जैसे शब्दों के उच्चारण में। विशेषज्ञ कहते हैं कि समय पर उपचार और जागरूकता से हम इनसे बच सकते हैं और स्वस्थ मुस्कान पा सकते हैं।

### समाधान क्या है?

इन समस्याओं का सबसे प्रभावी समाधान समय पर दंत चिकित्सक से सलाह लेना है। ऑर्थोडॉन्टिक उपचार (जैसे ब्रेसेस या अलाइनर्स) के माध्यम से दांतों को सही स्थिति में लाया जा सकता है। बच्चों में यह उपचार जल्दी और अधिक प्रभावी होता है, इसलिए प्रारंभिक जांच बहुत जरूरी है।

# सपाइयों ने सम्राट अशोक के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में गुरुवार को सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने सम्राट अशोक के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

महानगर उपाध्यक्ष राजेश मौर्य ने कहा कि सम्राट अशोक भारतीय इतिहास के उन महानतम विभूतियों में से हैं, जिन्होंने विशाल साम्राज्य की स्थापना के साथ-साथ हिंसा को त्याग कर पूरे विश्व को शांति और मानवता का संदेश दिया। निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह पटेल ने कहा कि सम्राट अशोक ने दुनिया को दिखाया महानता शक्ति में नहीं, बल्कि करुणा और नैतिकता में है, युद्ध से विजय मिल सकती है, लेकिन शांति से दिल जीते जा सकते हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर ने कहा कि कलिंग युद्ध के भारी रक्तपात ने उनका हृदय परिवर्तन कर दिया था। महानगर उपाध्यक्ष शेर सिंह गंगवार, रामप्रकाश लल्ला यादव, पार्षद राजेश अग्रवाल, सिंपल कन्नौजिया, हरिओम प्रजापति, सोनू बाल्मीकि, रोहित राजपूत, अनुज मौर्य, गंगा सिंह यादव, हरभजन सिंह, राजेंद्र लोधी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन बृजेश श्रीवास्तव सविता ने किया।



सपा कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

- सम्राट अशोक की जयंती पर सपा कार्यालय में विचार गोष्ठी

## सिटी डायरी

### सम्राट अशोक जयंती पर पदाधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वावधान में गुरुवार को मंडल कार्यालय पर सम्राट अशोक जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश महासचिव विकास बाबू ने किया। मंडल कार्यकारिणी और विभिन्न जिलों से आए जिलाध्यक्षों और पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। संगठन को ग्राम स्तर तक मजबूत करने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मंडल एवं जिला स्तर के जिम्मेदार साथियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बैठक में भविष्य के लिए अहम लक्ष्य निर्धारित किए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, मंडल महासचिव आकाश सागर, सौरभ भारतीय, शंकर वाल्मीकि, सैम मैसी, अंकित सागर, अजीत वाल्मीकि, विनोद अन्य उपस्थित रहे।



### इंदिरा नगर में फटी पेयजल लाइन, देर रात पाया काबू



**बरेली, अमृत विचार।** इंदिरा नगर स्थित एक निजी बरात घर के पास गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे मुख्य जल पाइपलाइन अचानक फट गई। पाइपलाइन फटने से सड़कों पर भारी मात्रा में पानी भर गया, जिससे स्थानीय निवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पार्षद सतीश कातिब 'मम्मा' और वहां मौजूद जागरूक नागरिकों ने तत्काल जलकल विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही जलकल की तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। विभाग के कर्मचारियों ने देर रात तक मोर्चा संभाले रखा ताकि जलापूर्ति को पुनः बहाल किया जा सके।

### विद्युत संविदा मजदूर संगठन ने मुख्य अभियंता को दिया ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जोन टू के मुख्य अभियंता राघवेन्द्र सिंह को गुरुवार को विद्युत संविदा मजदूर संगठन शाहजहांपुर की तरफ से संविदा कर्मचारियों की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। संगठन ने आउटसोर्सिंग सेवा निगम में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को निगम में शामिल करने के लिए मुख्य अभियंता को ज्ञापन दिया। मांग की गई कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड लखनऊ द्वारा आदेशित बरेली मण्डल के सभी उपकेंद्रों पर संविदा रिक्त स्थानों पर पूर्व में निकाले गए कुशल संविदा कर्मचारियों को कार्य पर वापस लिया जाए। शाहजहांपुर में कार्यरत संविदा कर्मियों को पहचान पत्र ओर ई एस आई कार्ड ग्लोबल कम्पनी द्वारा अतिशीघ्र दिए जाए। प्रदेश महामंत्री सुनील गोस्वामी, मध्यांचल अध्यक्ष अशोक कुमार पाल, जोन प्रभारी राजेश कुमार, जिलाध्यक्ष मुनीश पाल, मीडिया प्रभारी अरविन्द कुमार मौजूद रहे।



### बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर बरेली रॉयल्स फाइनल में



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली रॉयल्स ने हिमांशु वॉरियर्स पर शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बना ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हिमांशु वॉरियर्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 184 रन बनाए। बरेली रॉयल्स की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। डॉ. महेश त्रिपाठी और डॉ. इरफान सिद्दीकी ने दमदार पारियां खेलीं। सेमीफाइनल में मैन ऑफ द मैच और डॉ. महेश त्रिपाठी, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज डॉ. हर्ष, सर्वश्रेष्ठ फील्डर डॉ. पुष्पेंद्र को चुना गया। जीत के साथ बरेली रॉयल्स ने टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से समर्थकों में उत्साह का माहौल है।

# अष्टमी पर रिकॉर्ड रजिस्ट्री, 4.26 करोड़ का राजस्व

**बरेली, अमृत विचार :** अष्टमी पर रजिस्ट्री कार्यालय में सुबह से ही भीड़ रही। जिले में कुल 277 रजिस्ट्रियां दर्ज की गईं, जिससे एक ही दिन में करीब 4.26 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

एआईजी स्टांप तेज सिंह यादव ने बताया कि बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) कार्यालय में भी गुरुवार को रजिस्ट्री के लिए विशेष कैंप लगाया गया। इस कैंप का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और लंबित कार्यों को निपटाया। मार्च माह के अंत तक अधिक से अधिक रजिस्ट्रियां कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राजस्व बढ़ाने की इसी रणनीति के तहत 31 मार्च तक रजिस्ट्री कार्यालय को रविवार के दिन भी खोला जा रहा है।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीआईएम, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
पता : सेक्टर-7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
ROHILKHAND AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY B.I.U.
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कॉर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज।
बस्ति चिकित्सा | जलौकावचारण चिकित्सा | जानु बस्ति चिकित्सा | नस्य चिकित्सा | पत्र पिण्ड पोट्टली स्वेद चिकित्सा | शिरोधारा चिकित्सा | नेत्र तर्पण चिकित्सा
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग:- नार्मल डिलीवरी, रसौली, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ, इन्फर्टीलिटी आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा सेरेब्रल पेल्सी, मेन्टल रिटार्डेशन, डिले माइलस्टोन आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज।
शालाक्य तंत्र विभाग :- सिरदर्द, माइग्रेन, तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज।
Reception : 9520876144
Helpline No.: 8077808309
निःशुल्क योग सत्र
(ऑफलाइन /ऑनलाइन) केवल रजिस्ट्रेशन करने पर मो. 9520876144
निःशुल्क भर्ती सुविधा
(निर्धारित समय अवधि के लिए)